53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 20.6°c | अधिकतम 30.0°c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:33, सूर्यास्त - 6:58 | वर्ष : 53/ अंक : 124 | मंगलवार, 06 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

खोई हुई चीजें अक्सर खूबसूरत लगने लगी हैं, जैसे वक्त और बचपन।

हिमाचल की कांग्रेस सरकार पाकिस्तानियों को वापस भेजने के प्रति गंभीर नहीं : अनुराग ठाकुर

पाकिस्तान से मोहब्बत करो प्रतियोगिता चल रही है क्या?.....

भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे शाहपुर थाना प्रभारी व हरसौली चौकी प्रभारी निलम्बित

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी व हरसौली चौकी प्रभारी गजेन्द्र पाल को किया निलम्बित

मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर में भ्रष्टाचार की गूंज लखनऊ तक जा पहुंची है और अब अधिकारी जनपद की साख बनाने के लिए भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे पुलिसकर्मियों पर कड़क रुख अपनाते दिखाई दे रहे हैं। यह कड़क रुख कितने दिन तक रहेगा यह कह पाना तो मुश्किल है मगर फिलहाल हरसौली के एक मंदिर के भगत जी

सुखराम ने पुलिसकर्मियों के भ्रष्टाचार को पूरी तरह खोलकर रखा तो उसके बाद अधिकारियों पर कहने को कुछ बचा ही नहीं। सुखराम ने बाकायदा जिस बैंक के जरिए मोबाइल से पैसे पुलिसकर्मियों को ट्रांसफर किये थे उन सबको मय सबूत के मीडिया को सार्वजनिक किया। रविवार को घटना के खुलासे के बाद हैड कांस्टेबल उमेश, सिपाही ऋतिक को निलम्बित कर दिया गया था, जबकि हरसौली चौकी इंचार्ज गजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर किया था। सोमवार को एसपी देहात आदित्य बंसल की जांच रिपोर्ट के बाद एसएसपी अभिषेक सिंह ने कड़क रुख अपनाते हुए शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी व हरसौली चौकी प्रभारी गजेन्द्र पाल सिंह को निलम्बित कर दिया। भ्रष्टाचार के इस मामले की चर्चा पूरे जनपद में होती दिख रही है और जनपद में एक स्वर से कोई दबी तो कोई खुली जुबां में

भ्रष्टाचार के लिए कुर्सी से चिपके बैठे नेताओं को ही दोषी मान रहे हैं। आमजन का फिर एक बार यही कहना है कि जन प्रतिनिधि इसीलिए बनाए जाते हैं कि सरकारें और सरकार के कर्मचारी उनकी देखरेख में ईमानदारी से काम करते दिखाई दें। मगर जनपद में इस बात का खौफ कहीं दिखाई नहीं देता कि किसी नेता का खौफ किसी सरकारी कर्मी के दिल दिमाग पर हो। और होगा भी क्यों जब नेता अपनी ही सत्ता में विभिन्न कारणों के चलते कमजोर होकर बैठ जाते हैं तो कमजोर नेताओं की अधिकारी तो क्या, कोई कर्मचारी तक भी सुनने को तैयार नहीं होता। यदि नेता कड़क होते तो इस जिले का यह हाल न होता कि आए दिन भ्रष्टाचार के खुलकर आरोप लगते दिखाई देते। सोमवार को भ्रष्टाचार से पीड़ित एक और महिला डीएम कार्यालय पर पहुंची और उसने भी बताया कि प्रोबेशन मैनेजर पूजा नरूला द्वारा उससे नौकरी के नाम पर डेढ़ लाख रुपये लिये गए हैं, ऐसे में वह भी न्याय की गुहार लगाने नेताओं के बजाए डीएम साहब के पास पहुंची।

वन स्टॉप सेंटर मैनेजर के भ्रष्टाचार की गुहार लेकर पीड़िता पहुंची जिलाधिकारी के द्वार

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। जनपद में अफसरों पर भ्रष्टाचार के लगते तमाम आरोपों के बीच डीएम उमेश मिश्रा ने अधीनस्थों को सुधर जाने की नसीहतों के बीच वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर पूजा नरूला की बढ़ती शिकायतों का संज्ञान लिया है। सोमवार को इस प्रकरण में उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को अधिकारी पर लगे आरोपों के सम्बंध में जांच कर रिपोर्ट मांगी है। बीते दिनों कलेक्ट्रेट में हुई फजीहत के बाद अब डीएम उमेश मिश्रा के आदेश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने इस प्रकरण की जांच प्रारम्भ कर दी है। शहर के मौहल्ला गंगारामपुरा निवासी दीपा समेत 3 महिलाओं द्वारा विगत दिनों डीएम कार्यालय पर पहुंचकर जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में कार्यरत वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक पूजा नरूला पर आरोप लगाए थे कि पूजा नरूला द्वारा दीपा से नौकरी लगवाने के लिए नाम पर बीते दिनों डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए है। उक्त मामले में कोई कार्यवाही न होने के चलते सोमवार को इन

महिलाओं ने दीपा के साथ डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। महिला द्वारा की शिकायत के आधार पर डीएम उमेश मिश्रा ने डीपीओ को जाँच कर रिपोर्ट मांगी और वन स्टॉप सेंटर से पूजा नरूला को हटाये जाने के लिए भी कहा। दीपा सहित महिलाओं ने वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर पर अवैध रूप से ब्याज पर पैसे भी चलाने का आरोप लगाया है। इससे पहले भी वन स्टॉप सेंटर पर बाहरी युवक को सेंटर में एक युवती से मिलवाने के लिए फर्जी आधार कार्ड का मामला सामने आ चुका है, जिसमें एसएसपी ने सेंटर की पूरी चौकी ही सस्पेंड कर दी थी, लेकिन सेंटर मैनेजर पर उस वक्त भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। सोमवार को फिर से महिलाओं द्वारा शिकायत किए जाने के बाद प्रशासन में हलचल मची है।

> “ जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर पूजा नरूला पर लगे तमाम आरोपों को लेकर जांच प्रारम्भ कर दी गई है। इसके लिए कमेटी बनाई गई है, जो सभी आरोपों को जांच करेगी और जांच रिपोर्ट जल्द ही डीएम को सौंपी जायेगी। ”

भारत से दुश्मनी का बोझ नहीं उठा पाएगा पाकिस्तान

नई दिल्ली, 05 मई (एजेंसी)। प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी मूडीज ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा किया है। सोमवार को जारी रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता है, या फिर यह स्थिति युद्ध में तब्दील होती है, तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर सबसे ज्यादा और विनाशकारी असर पड़ेगा। मूडीज ने चेताया है कि पाकिस्तान के पास आर्थिक संसाधनों की इतनी कमी है कि वह युद्ध जैसे हालातों को कुछ हफ्तों से ज्यादा नहीं झेल सकता। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था जहां मजबूत, आत्मनिर्भर और स्थिर है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही गंभीर संकट से गुजर रही है। महंगाई आसमान छू रही है, विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खाली है और आईएमएफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भरोसे ही सरकार चल रही है। ऐसे में यदि पाकिस्तान भारत से दुश्मनी मोल लेता है, तो यह उसके लिए आत्मघाती कदम साबित हो सकता है। जहां भारत वैश्विक मंचों पर आर्थिक प्रगति और स्थिरता के लिए तारीफ पा रहा है, वहीं पाकिस्तान को हर तरफ से झटके लग रहे हैं।

विधवा महिला को धमकी मिलने के बाद टाटा मैजिक में सामान भरकर हुई रवाना

तितावी, 5 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के अलीपुर खुर्द में युवक को लेकर दो प्रेमिकाओं के बीच हुई मारपीट की वायरल वीडियो मामले में अलीपुर खुर्द निवासी विधवा महिला धमकी मिलने के डर से अपने घर का सामान टाटा मैजिक पर भरकर चली गयी है। उसके घर पर ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों को उसके किसी स्थान पर जाने की जानकारी नहीं है। अलीपुर खुर्द की विधवा महिला के सम्बंध कुराड़ थानाभवन निवासी युवक से इंस्टाग्राम के जरिये हो गये थे। युवक ने विधवा महिला से अपनी पहली प्रेमिका से संबंध की बात को छिपाया था। दो दिन पूर्व उसकी पहली प्रेमिका को उनके बीच सम्बंधों की जानकारी हुई थी। जानकारी मिलने पर वह अपने साथ गांव के ही एक युवक और कुछ महिलाओं को साथ लेकर अलीपुर खुर्द निवासी विधवा महिला के घर जा पहुंची थी। महिला व उसके साथ आए अन्य लोगों ने विधवा महिला को दौड़ा- दौड़ाकर उसके घर के बाहर पीटा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने पर मामले की कार्रवाई के आदेश दिए थे। सोमवार को विधवा महिला के घर पर ताला लगा हुआ मिला। ग्रामीणों ने बताया कि डर की वजह से विधवा अपने घर का सामान लेकर अज्ञात स्थान पर चली गयी है। वह अपने दोनों बच्चों को साथ लेकर गयी थी। वहीं पुलिस महिला से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

मुरादाबाद में बस ट्रैक्टर ट्राली से टकरायी, एक मरा 13 घायल

मुरादाबाद 05 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से यात्रियों को लेकर रामनगर उत्तराखंड जा रही काशीपुर डिपो की रोड़वेज बस पीछे से ट्रैक्टर ट्राली में घुस गई। इस हादसे में बस चालक की मौत हो गई जबकि बस में सवार 13 यात्री घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कुंवर आकाश सिह ने सोमवार को बताया कि ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र स्थित गांव फौलादपुर के समीप तड़के लगभग चार बजे मुरादाबाद से यात्रियों को भरकर नैनीताल हाईवे से रामनगर की ओर जा रही काशीपुर डिपो की रोड़वेज बस के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव फौलादपुर के समीप पहुंचने के दौरान ईंटों से भरे जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।

नगर की सड़कों पर गूंजा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का संदेश

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई द्वारा मुजफ्फरनगर में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर जन जागरण पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा का उद्देश्य जनता को इस विचारधारा से जोड़ने के साथ चुनाव सुधार के महत्व को भी समझाना था। भाजपा का तर्क है कि देश

पूर्व केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में उठी चुनाव सुधार की आवाज

में हर छह महीने में किसी न किसी संस्था का ऐसे हालातों में चुनाव होता रहता है, जो किसी स्तर से सही नहीं कहा जा सकता। फिर चाहे वो चुनाव ग्राम पंचायत हो, जिला पंचायत, विधानसभा या लोकसभा। इससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है, अपितु विकास की गति को ब्रेक लगने के साथ सरकारी खर्च में भी भारी इजाफा होता है।

सोमवार को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सोमवार को नगरपालिका परिषद के टाउनहाल प्रांगण से जनजागरण पदयात्रा का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुजफ्फरनगर के पूर्व सांसद डॉ. संजीव बालियान, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी और नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा की जनजागरण पद यात्रा में पार्टी नेताओं ने स्पष्ट कहा कि अगर पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे तो न केवल करोड़ों रुपये की बचत होगी, अपितु विकास कार्यों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। पदयात्रा नगर के अलग-अलग क्षेत्रों से निकाली गई, जिसमें आम लोगों से संपर्क करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें एक राष्ट्र, एक चुनाव के फायदे भी बताए। जनजागरण पदयात्रा में इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में बैनर और पोस्टर लिए नारे लगाए "हर बार चुनाव, अब नहीं सहना, एक साथ चुनाव है देश का गहना"। नगर क्षेत्र में सोमवार को निकली पदयात्रा ने एक नई राजनीतिक चेतना की अलख जगाने के साथ भविष्य में संगठनात्मक जागरूकता की अलख जगाने का भी संदेश दिया। इस दौरान पदयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक डॉ. देशबंधु तोमर, राजीव गर्ग, मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, संदीप शर्मा, श्रीमोहन तायल, स. सुखदर्शन सिंह बेदी, सुधीर खटीक, गीता जैन, ममता बालियान, सुनीता शर्मा, शलभ गुप्ता, सुनील तायल, शरद शर्मा, पुनीत वशिष्ठ, पवन अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सोनभद्र में ट्रक ने परिवार के तीन सदस्यों को रौंदा

सोनभद्र 05 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के पन्नूगंज क्षेत्र में नौगढ़-बेलखुरी मार्ग पर सोमवार देर शाम घर के बाहर बैठे ससुर, बहू और पोते को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया जिसमें तीनो की मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया कि बनौरा गांव निवासी इश्तियाक अली (55), पुत्रवधू अफसाना (30) व पोते अफसर (6) घर के दरवाजे पर बैठे हुए थे कि इस बीच नौगढ़ चंदौली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों को रौंद दिया, जिससे तीनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे नहर में गिर गया। इससे ट्रक चालक रिंकू निवासी बनौरा गंभीर रूप से घायल हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर तीनों शवों को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर जाम खत्म कराया। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस की पिटाई से मौत: इंजीनियर की पढ़ाई के लिए दो दिन बाद ही विजय को जाना था रूस, छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पीटा

पानीपत/कांधला, 05 मई (एजेंसी)। हरियाणा के पानीपत से घर लौट रहे कस्बा कांधला के मोहल्ला शेखजादगान निवासी छात्र विजय कश्यप (22) का शव संदिग्ध हालात में सोमवार सुबह पानीपत जिले की सनौली पुलिस चौकी के निकट यमुना पुल के नीचे मिला। वह रविवार रात को अपने छोटे भाई भाई अजय के

साथ टेंपो से लौट रहा था। परिजनों ने हरियाणा पुलिस पर युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर पिटाई करने व हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतक विजय इंटर पास था और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए रूस जाने की तैयारी कर रहा था। भाई अजय निवासी ने हरियाणा के तीन पुलिसकर्मियों व दो अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि जांच में अगर पुलिसकर्मी दोषी पाए जाते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार शामली जिले के कांधला निवासी विजय कश्यप (22) का शव संदिग्ध हालात में पानीपत जिले की सनौली पुलिस चौकी के निकट मिला। आरोप है कि उसे और उसके भाई अजय को पुलिस ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर पीटा, जिससे विजय की मौत हो गई। विजय की सांसों की डोर टूट गई और उसे इंजीनियर बनाने का माता-पिता का सपना टूट गया। विजय को दो दिन बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए रूस जाना था, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई थीं। छात्र की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, डीएसपी ने मामले की जांच कराने की बात कही है। छात्र विजय के पिता अजब सिंह, भाई अजय के अलावा मां व बहनों ने कभी ये नहीं सोचा था कि जिस बेटे को वे इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए भेजने की तैयारी कर रहे हैं, वह रूस जाने से दो दिन पहले ही उन्हें हमेशा के लिए छोड़कर चला जाएगा।। परिजनों ने हरियाणा पुलिस पर बेवजह पिटाई करने का आरोप लगाते हुए हत्या करने का आरोप लगाया। पिता अजब सिंह ने बताया कि विजय इंटर की पढ़ाई कर चुका था। वह पढ़ाई के साथ कैटरिंग में चाट बनाने के काम में उनका हाथ भी बंटाता था। विजय को पढ़ाई से बहुत लगाव था। उसकी इच्छा थी कि वह विदेश में पढ़कर बड़ा आदमी बने, इसलिए वह इंजीनियर बनने के लिए दो दिन बाद ही रूस

शेष : पृष्ठ-4 पर

केंद्रीय गृह मंत्रालय का सभी राज्यों को मॉक ड्रिल का निर्देश

नई दिल्ली, 05 मई (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गृह मंत्रालय की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि मॉक ड्रिल के दौरान हवाई हमले के सायरन, आम जनता को सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) से जुड़ी ट्रेनिंग देना, ब्लैकआउट उपाय, जरूरी ठिकानों की कैमोफ्लाज (छिपाने की व्यवस्था) और एवैक्यूएशन प्लान का अभ्यास किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा भूराजनीतिक हालात में देश को कई नए और जटिल खतरों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हर समय पूरी तैयारी रखनी चाहिए। इसके मुताबिक, 7 मई को देश के 244 चिन्हित जिलों में यह मॉक ड्रिल होगी, जो गांवों में तक की जाएगी। इसका मकसद सिविल डिफेंस की तैयारी की जांच करना और

बेहतर बनाना है। इस अभ्यास में जिला अधिकारी, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, कॉलेज और स्कूल के छात्र भी भाग लेंगे। सरकार का कहना है कि यह मॉक ड्रिल विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और आपसी तालमेल की जांच के लिए जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल में हवाई हमल चेतावनी सायरन को सक्रिय किया जाएगा। आम नागरिकों, छात्रों आदि को प्रशिक्षित किया जाएगा कि अगर किसी तरह का हमला हो जाए, तो वे खुद को कैसे सुरक्षित रखें। ब्लैकआउट की व्यवस्था की जाएगी। यानी जरूरत पड़ने पर बिजली बंद कर दी जाए, ताकि दुश्मन को कोई लक्ष्य न दिखाई दे। महत्वपूर्ण कारखानों और ठिकानों को छिपाने की जल्दी व्यवस्था की जाएगी। निकासी योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास भी कराया जाएगा। नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल बेहद असामान्य कदम है। हाल-फिलहाल में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए किसी भी संघर्ष के दौरान ऐसा कोई मॉक ड्रिल नहीं किया गया। राज्यों में आखिरी मॉक ड्रिल आज से 54 साल पहले 1971 में हुआ था। तब बांग्लादेश की मुक्ति के लिए हुआ युद्ध भारत-पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध में बदल गया था जो देश की पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर लड़ा गया था। उस समय नागरिकों की जान-माल को कम से कम नुकसान पहुंचे, इसके लिए ऐसा अभ्यास किया गया था।

सहारनपुर में नाबालिग चालकों के अभिभावकों पर लगाया 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

सहारनपुर 05 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सड़क सप्ताह के अवसर पर चलाये जा रहे अभियान में नाबालिग छात्र छात्राओ के कुल छह दो पहिया वाहनो को सीज करके उनके अभिभावकों पर 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत अभियान चलाया गया। इसके लिए पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा के नेतृत्व में छह टीमें गठित की गयी, जिनमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एमपी सिंह, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी श्वेता पाण्डेय, उपजिलाधिकारी विजय कुमार, उपजिलाधिकारी विकास कुमार शामिल रहे। अभियान के दौरान नाबालिग स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा वाहन चलाये जाने पर कुल 06 दो पहिया वाहनों को सीज करते हुये 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया तथा सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को बुलाकर सचेत किया गया।

यूपी में बिना नक्शा पास कराए बना सकेंगे अपना घर

- 15 दिन में होगा ऑटोमैटिक अप्रूवल, योगी सरकार ने किया बड़ा बदलाव
- यूपी में 1000 वर्गफीट तक घर बनाने के लिए नक्शा पास जरूरी नहीं
- 7 से 15 दिन में एनओसी न मिलने पर स्वीकृत मान लिया जाएगा।
- 1000 वर्गमीटर प्लॉट पर अपार्टमेंट निर्माण की अनुमति।

लखनऊ, 05 मई (एजेंसी)। योगी सरकार ने यूपी में 1000 वर्गफीट तक के घर बनाने के लिए नक्शा पास कराने की अनिवार्यता खत्म की। 7 से15 दिन में अनुमति न मिलने पर स्वीकृत मान लिया जाएगा। 5000 वर्गफीट तक के प्लॉट के लिए आर्किटेक्ट का प्रमाण-पत्र पर्याप्त होगा। नए नियमों से भवन निर्माण प्रक्रिया सरल होगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने घर का सपना देख रहे लोगों के लिए बड़ी सहूलियत दी है। अब यूपी में बिना नक्शा पास कराए 1000 वर्गफीट का घर बना सकेंगे। अगर आवेदन के 7 से 15 दिन में विभागों से अनुमति नहीं मिलती है तो उसे स्वीकृत मान लिया जाएगा। सरकार के इस फैसले से भवन निर्माण की प्रक्रिया काफी सरल हो जाएगी। योगी सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए भवन निर्माण की प्रक्रिया को आसान बना दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू किए गए यूपी बिल्डिंग बायलॉज 2025 के तहत अब 1000 वर्गफीट तक घर बनाने के लिए नक्शा पास कराना जरूरी नहीं होगा। साथ ही एनओसी नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है।

1000 वर्गफीट तक घर बनाने पर नहीं चाहिए नक्शा पास

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की जनता को भवन निर्माण से जुड़ी परेशानियों से राहत देने के लिए भवन उपविधियों में ऐतिहासिक बदलावों को मंजूरी दी है। अब 1000 वर्गफीट तक के प्लॉट पर मकान बनाने के लिए नक्शा पास कराना जरूरी नहीं होगा। इसके अतिरिक्त 5000 वर्गफीट तक के प्लॉट के लिए सिर्फ आर्किटेक्ट का प्रमाणपत्र ही पर्याप्त होगा।

भवन निर्माण उपविधि 2025 को मिली मंजूरी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आवास भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 में बदलाव करते हुए नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई है। संशोधित नियम आवास विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

अब छोटे प्लॉट पर भी बना सकेंगे अपार्टमेंट

लखनऊ। पहले जहां अपार्टमेंट के लिए 2000 वर्गमीटर प्लॉट अनिवार्य था, अब 1000 वर्गमीटर में भी अपार्टमेंट निर्माण की अनुमति मिल सकेगी। साथ ही अस्पताल और कमर्शियल बिल्डिंग के लिए 3000 वर्गमीटर पर्याप्त होगा।

नक्शा पास करने में एनओसी का नियम बदला

लखनऊ। हर विभाग के लिए NOC देने की 7 से 15 दिन की समयसीमा तय की गई है। समय पर एनओसी न देने पर उसे स्वतः स्वीकृत मान लिया जाएगा।

अब घर से ही चल सकेंगी प्रोफेशनल सर्विसेस

लखनऊ। 25% हिस्से में अब आप नर्सरी, क्रेच, होम स्टे, या फिर वकील, डॉक्टर, आर्किटेक्ट, उअ जैसे प्रोफेशनल्स अपने दफ्तर चला सकेंगे, इसके लिए नक्शे में अलग से उल्लेख करना जरूरी नहीं होगा।

रिहायशी इलाकों में अब दुकानें और दफ्तर भी होंगे मंजूर

लखनऊ। अब 24 मीटर या उससे चौड़ी सड़क वाले रिहायशी क्षेत्रों में दुकानें और दफ्तर खोले जा सकेंगे। वकील, डॉक्टर जैसे प्रोफेशनल्स कम चौड़ाई वाली सड़कों पर भी अपने ऑफिस खोल सकते हैं।

45 मीटर सड़क पर जितनी ऊंची चाहें, उतनी ऊंची इमारत बनाएं

लखनऊ। अब 45 मीटर चौड़ी सड़क पर किसी भी ऊंचाई की इमारत बनाने की इजाजत मिलेगी. साथ ही फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) भी अब 3 गुना तक बढ़ाया गया है।

'कराची और लाहौर में बनाएंगे अगला गुरुकुल', भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बोले योग गुरु बाबा रामदेव

नई दिल्ली, 05 मई (एजेंसी)। पाकिस्तान और भारत में जारी तनाव के बीच योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि वह अगला गुरुकुल लाहौर और कराची में बनाएंगे। उनका कहना है कि जैसे हालात पाकिस्तान के इस वक्त हैं, तो अगला गुरुकुल वहीं बनाना पड़ेगा। रामदेव ने कहा कि पाकिस्तान के कई प्रांत आजादी की मांग कर रहे हैं तो वो पहले ही टूटा पड़ा है, भारत से लड़ने की उसमें हिम्मत ही नहीं है। बाबा रामदेव से दोनों देशों के मौजूदा हालातों पर सवाल किया गया था, जिस पर उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान तो नापाक देश वैसे ही है, वो खुद ही टूटने जा रहा है। उधर, पख्तून उसको तोड़ने में लगे हैं। बलूचिस्तान के लोग अपनी आजादी की मांग कर रहे हैं। पीओके में हालात और खराब हैं तो वो भारत से लड़ने का सामर्थ्य कहां रखता है। रामदेव ने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ चान दिन भी खड़ा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मुझे तो लगता है कि हमें अगला गुरुकुल, कराची और लाहौर में बनाना पड़ेगा और वहीं से हमारे गुरुकुल की संस्कृति प्रारंभ हुई थी।

दुर्घटना में घायल वृद्ध ने अस्पताल ले जाते तोड़ा दम

भोपा, 05 मई (बु.)। एक सप्ताह पूर्व गंगनहर पटरी पर बेहोश अवस्था में पड़े मिले वृद्ध को परिजनों द्वारा मेरठ अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी तबियत बिगड़ने पर मेरठ से चंडीगढ़ ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही वृद्ध ने दम तोड़ दिया। घंटों की गहमागहमी के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी 58 वर्षीय जलालुदीन पुत्र अशरफ साइकिल द्वारा फेरी लगाकर लोहा खरीदने का काम करता था। बीते 28 अप्रैल की शाम जलालुदीन घायल अवस्था में थाना ककरौली क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद के पास गंगनहर पटरी किनारे बेहोश हालत में पड़ा मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस द्वारा अज्ञात को भोपा सीएचसी पर लाया गया, जहां से गम्भीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। शिनाख्त होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों द्वारा घायल जलालुदीन को मेरठ अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा था। अचानक तबियत बिगड़ने पर रविवार को जलालुदीन को चंडीगढ़ अस्पताल ले जाया जा रहा था कि उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को जब जलालुदीन भोपा से रहकड़ा की ओर जा रहा था, तभी अज्ञात कार द्वारा टक्कर लगने से जलालुदीन घायल हो गया था। राहगीरों द्वारा आरोपी कार चालक को घायल को अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, किन्तु अज्ञात आरोपी कार चालक जलालुदीन को अस्पताल न ले जाकर खेड़ी फिरोजाबाद नहर पटरी पर फेंककर फरार हो गया। सोमवार को जब जलालुदीन का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। घंटों की गहमागहमी के बाद ककरौली पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र नूर आलम ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक अपने पीछे पत्नी अफसाना, पुत्र नूर आलम, अमीर आलम, पुत्री रूकैया, शीबा, सानिया को छोड़ गया है। ककरौली पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। ककरौली थाना प्रभारी निरीक्षक जयसिंह भाटी ने बताया कि पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

एसएसओ को हटाने के विरोध में विद्युतग्रह का घेराव

- एक्सईएन ने ज्वाइनिंग लेटर का दिया आश्वासन

बुढ़ाना, 5 मई (बु.)। परासौली बिजलीघर के जेई द्वारा दो दिन काम कराने के बाद विद्युत एसएसओ को हटाकर किसी अज्ञात दबंग की पसंद का व्यक्ति रखने के विरोध में चौबीसी खाप के सैंकड़ो लोगों ने परासौली बिजलीघर का घेराव कर धरना दिया और कहा अगर एसएसओ को ज्वाइनिंग नहीं दी गयी, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने मौके पर आए एसडीओ शाहपुर व जेई को धूप में बंधक बनाकर अपने बीच में ही बैठा लिया। बाद में मौके पर आए एक्सईएन के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। बताया जाता है सेनपुर का रितिक उर्फ जोनी परासौली विद्युतग्रह पर बीते हफ्ते एसएसओ की पोस्ट पर तैनात हुआ था। 2 दिन उसने काम किया और रजिस्टर में हाजिरी लगी। तीसरे दिन जब वह ड्यूटी गया, तो जेई सुनील ने रितिक को ये कहकर हटा दिया कि उसकी जगह उन्होंने कोई और युवक रख लिया है। रितिक ने जेई को जब अपनी गलती बताने को कहा तो जेई ने उसे भगा दिया। इसकी सूचना जब चौबीसी खाप के चौधरी ठाकुर नरेंद्र सिंह को मिली, तो उन्होंने जेई से बात की तो जेई ने बताया कि उन्हें किसी ने रितिक को हटाकर अन्य किसी व्यक्ति को रखने को कहा है। जिस पर चौबीसी खाप के चौधरी गुस्सा गये और आज सोमवार को उन्होंने सैकड़ों लोगों संग बिजलीघर पर धरना शुरू कर दिया और जेई को कहा कि धरना तब खत्म होगा जब उसका नाम बताया जाएगा जिसने रितिक को हटाकर किसी अन्य युवक को रखने को कहा है। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे शाहपुर विद्युत विभाग के एसडीओ नरेश राठौर व? जेई सुनील को बंधक बनाते हुए ग्रामीणों ने अपने बीच धूप में बैठा लिया। तब धरने पर एक्सईएन अजीत कुमार आए और उन्होंने धरना समाप्त कराते हुए रितिक को ही मंगलवार को ज्वाइनिंग लेटर देने का आश्वासन दिया। धरने की अध्यक्षता तरसपाल सिंह सेनपुर ने की। यहां बाबा ठाठ सिंह चौधरी कछवाहा चौबीसी, पूर्व अध्यक्ष घासीराम, पिंटू सिंह राजपुर, मोंटी, कुलदीप सिंह, करणी सेना के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राणा, ठाकुर, ठाकुर दुष्यंत सिंह राजपुर, ठाकुर राधे दुर्गनपुर, राम सिंह कुरालसी, विनोद शर्मा राजपुर, ग्राम अध्यक्ष बिराल मदन सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला सचिव ईश्वर सिंह बड़ौदा, सनव्वर परासौली, पंकज सिंह नगवा, कपिल पारसी, कुलदीप सिंह बिराल, राजपाल प्रधान सैनपुर, अमित जौला, रवि प्रताप कुरथल और सत्येंद्र ठाकुर कुरालसी आदि लोग मौजूद रहे।

एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का आयोजन हुआ

मीरापुर, 5 मई (बु.)। मीरापुर के बीआईटी कॉलेज में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश की तरक्की होगी। साथ ही बेहतर सुशासन में मदद मिलेगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी वंदना वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जनता को पहले इस व्यवस्था की सार्थकता समझनी होगी। एक देश एक चुनाव से स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता मिलेगी। इससे देश की जीडीपी में भी वृद्धि होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि पिछले एक साल में लोकसभा चुनाव के बाद कई राज्यों में चुनाव हुए। देश में हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। इससे सरकारी मशीनरी व्यस्त रहती है। चुनाव अधिसूचना के कारण महीनों काम रुके रहते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन कानून लागू होने से ये समस्याएं खत्म होंगी। लाखों करोड़ रुपए के चुनावी खर्च की बचत होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मामचंद जड़वड़ ने की। संचालन कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिषेक चौधरी, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, सुशील त्यागी, अनिल राठी प्रमुख मोरना, नरेन्द्र प्रमुख जानसठ, सुरेश चंद तितोरिया व सभी मीरापुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

पाकिस्तान ने 3 दिन में दूसरी मिसाइल का किया परीक्षण

इस्लामाबाद, 05 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते पहले से ज्यादा तनावपूर्ण हो गए हैं। आतंकी हमले के बाद भारत ने कूटनीतिक और राजनयिक स्तर पर कई बड़े फैसले लिए हैं, जिनसे पाकिस्तान डरा हुआ है। इस बीच भारत की तरफ से संभावित हमले के खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने परमाणु बम की गीदड़भभकी देने के साथ-साथ मिसाइल परीक्षण शुरू कर दिया है। आतंक को पनाह देने वाले इस पड़ोसी मुल्क ने तीन दिन के भीतर दूसरी बार मध्यम रेंज की मिसाइल के सफल परीक्षण की बात कही है। पाकिस्तान ने सोमवार को इंडस अभ्यास के तहत 120 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली फतह श्रृंखला की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण करने का दावा किया है। इससे पहले शनिवार को 450 किलोमीटर रेंज वाले अब्दाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। पाकिस्तानी मिसाइल फतह की बात करें तो यह कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली एक बैलिस्टिक मिसाइल है। यह ठोस ईंधन आधारित मिसाइल है, जिसकी वजह से इसकी लॉन्चिंग में कम समय लगता है। यह पारंपरिक और गैर-पारंपरिक (न्यूक्लियर) हथियारों को ले जाने में सक्षम मानी जाती है। पाकिस्तान का दावा है कि इसमें आधुनिक नेविगेशन प्रणाली लगी है, जो इसे ज्यादा सटीक बनाती है। इस मिसाइल की मारक क्षमता सिर्फ 120 किलोमीटर है।

मथुरा में 1 दर्जन ज्यादा बंदरों की मौत से फैली सनसनी, हत्या के आरोप में विदेश नागरिक गिरफ्तार

मथुरा, 05 मई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। बेजुबान बंदरों को एयर गन से मारने का मामला सामने आया है। बंदरों की हत्या का आरोप विदेशी नागरिक पर लगा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस ने विदेशी नागरिक को भी हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामला गोवर्धन थाना क्षेत्र के गिरिराज पर्वत के पास स्थित गोविंद कुंड का है। यहां कई बंदरों के शव बिखरे हुए मिले, जिनके शरीर पर एयर गन से मारी गई गोलियों के निशान थे। स्थानीय लोगों ने जब यह दृश्य देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृत बंदरों के शवों को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी कर लिया है। स्थानीय ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार, गोविंद कुंड के समीप स्थित जानकी दास आश्रम में रहने वाले एक विदेशी नागरिक पर बंदरों को एयर गन से मारने का संदेह है। हालांकि, पुलिस अभी तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाई है। एसपी ग्रामीण, त्रिगुण विसेन ने बताया कि, "बंदरों के शव कब्जे में लिए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का सही कारण पता चल पाएगा। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।"

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 05 मई, (बु.)।
गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया 1270-1280, चाकू 1515-1715, लडडू 1600-1710, खुरपापाड़ 1500-1515, शक्कर मसाला-1600-1625, आमद-3000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 मई, (बु.)।
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	96,200	चांदी-	95800
सिक्का-	1100	गिन्नी-	71690

आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 06 मई, 2025

मेष- ग्रहयोग बेहतर, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
वृषभ- दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
मिथुन- वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
कर्क- लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
सिंह- कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
कन्या- नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
तुला- आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
वृश्चिक- दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
धनु- निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
मकर- अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
कुम्भ- प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
मीन- व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

भारत तिब्बत सहयोग मंच का 26वां स्थापना दिवस

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बुस.)। भारत तिब्बत सहयोग मंच की मुजफ्फरनगर इकाई ने भारत तिब्बत सहयोग मंच के 26वें स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित स्कूल भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में किया, जिसमें विद्यालय में उपस्थित युवा पीढ़ी को तिब्बत की आजादी एवं कैलाश मानसरोवर की मुक्ति विषय पर रिस्पेक्ट जानकारी उपलब्ध कराई। मुख्य अतिथि डॉ. आर. के. सिंह (कृषि विशेषज्ञ) ने तिब्बत की आजादी के मंच की सार्थकता पर प्रकाश डाला। गायत्री जी ने कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए भारत-तिब्बत सहयोग मंच का अथक प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर भारत माता की प्रतिमा के समक्ष सीमा गोयल- प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु स्वरुप अग्रवाल-जिला महामंत्री, पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ प्रमुख, एड. संदीप दास, एड. अभिषेक वर्मा, अवनीश गोयल आदि का विशेष सहयोग रहा।

एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कराया जलभराव की समस्या का समाधान

खतौली, 5 मई (बु.)। ग्रामीणों की शिकायत पर उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने अपनी कार्यशैली के अनुकूल त्वरित कार्यवाही करते हुए गांव रसूलपुर कैलोरा में दो जेसीबी मशीनों से नाला खुदवाकर पानी निकासी की समस्या का समाधान किया। क्षेत्र के गांव रसूलपुर कैलोरा में गांव के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से विगत कई वर्षों से ग्रामीण जलभराव से पीड़ित थे। ग्रामीणों का कहना था कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से शिकायत किये जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है, जिसके कारण जलभराव से जहां ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हुआ है वहीं मच्छरों आदि का भी प्रकोप बन रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा गत शनिवार तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी मनोलिसा जौहरी से गुहार लगाते हुए समस्या का समुचित समाधान करने की गुहार लगाई थी, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए एसडीएम मनोलिसा जौहरी द्वारा पानी निकासी के समाधान हेतु एक टीम का गठन किया गया। उपजिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिसबल के साथ गांव रसूलपुर कैलोरा पहुंची टीम द्वारा ग्रामीणों की आपसी सहमति से गांव में दो जेसीबी मशीनों से तत्काल ही मौके पर पानी निकासी हेतु नाला खुदाई का काम कराया गया, जिसके बाद पानी निकासी का समुचित समाधान होने पर ग्रामीणों द्वारा एसडीएम की जमकर सराहना की गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जलभराव की विकराल समस्या से विगत कई वर्षों से पीड़ित थे।

सूचना

मेरी हाई स्कूल अंक तालिका / मार्कशीट- H15- 222325 सन 2020 की है तथा इण्टर मीडिएट अंक तालिका मार्कशीट- 150169 सन 2022, दो वे पिता का नाम अंग्रेजी में RAVI BHUSHNA SHARMA दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम RAVI BHUSHAN SHARMA है।

ANMOL SHARMA S/O
Ravi Bhushan Sharma
Add- Budhana (M. Nagar)

सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 9584/13-09-2012 में गलती से माता का नाम संध्या अंकित करा दिया गया था, जबकि उसकी माता का वास्तविक नाम संध्या कुमारी है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण एवं शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है। रमित काकरान, 136, उत्तरी सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर। मो0- 7302667607

गजरौला में देर रात कैंटर से जा टकराई कार, बॉलीवुड सिंगर पवनदीप राजन समेत 3 घायल

अमरोहा, 05 अप्रैल (एजेंसी)। यूपी के अमरोहा में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में सिंगर पवनदीप राजन घायल हो गए। इस दुर्घटना में पवनदीप के साथी अजय मेहरा और कार के ड्राइवर राहुल सिंह भी घायल हुए हैं। तीनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि पवनदीप के दोनों पैरों में फ्रैक्चर है और उनके सिर में भी चोट लगी है। सिंगर पवनदीप की कार गजरौला इलाके में हाइवे के किनारे खड़े कैंटर से टकरा गई थी। पवनदीप उत्तराखंड के चंपावत के रहने वाले हैं। वे 'इंडियन आइडल-12' के विजेता बनकर मशहूर हुए थे। वह अपने दोस्त अजय मेहरा के साथ घर से नोएडा जा रहे थे। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। राहुल सिंह कार चला रहे थे। रात करीब 2:30 बजे, गजरौला थाना क्षेत्र में चौपला चौराहा ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय उनकी कार हाईवे के किनारे खड़े एक कैंटर से टकरा गई। पुलिस का कहना है कि यह हादसा ड्राइवर राहुल सिंह को नींद आने के कारण हुआ। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घायलों को कार से निकालकर सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें मुरादाबाद रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें डिडौली में हाईवे पर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया। पवनदीप के परिवार वाले खबर मिलते ही अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद, वे तीनों को बेहतर इलाज के लिए नोएडा ले गए। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

इंडियन क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी

लखनऊ, 05 मई (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी दी गई है। शमी को यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। इस मामले में मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी है। अमरोहा एसपी के आदेश पर अमरोहा साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर ली है और इस मामले की जांच की जा रही है। मोहम्मद शमी इन दिनों आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद टीम की ओर से खेल रहे हैं। धमकी मिलने के बाद शमी ने अपने भाई हसीब को इस बारे में जानकारी दी, जिसके बाद हसीब ने मामला दर्ज करवाया है। हसीब ने अमरोहा के पुलिस अधीक्षक को बताया कि मोहम्मद शमी के ईमेल पर रविवार को एक मेल आया था। उन्होंने बताया कि राजपूत सिंधर नाम की मेल आईडी से आए ईमेल के जरिए शमी को जान से मारने की धमकी दी गई है। इसमें धमकी देने वाले ने लिखा,' तुझे हम जान से मार देंगे, सरकार हमारा कुछ नहीं कर पाएगी।' अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि शमी को धमकी क्यों दी गई है। हालांकि पुलिस आरोपी का पता लगाकर उस तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। माना जा रहा है कि इसके बाद ही यह खुलासा हो सकेगा कि उन्हें धमकी देने का कारण क्या है। मोहम्मद शमी को ईमेल के जरिए मिली धमकी के बाद उनके प्रशंसक भी काफी चिंतित हैं।

कार्यालय जिला पंचायत मुजफ्फरनगर

पत्रांकः 236/टेण्डर-सा0नि0वि0/2025-26 दिनांक 05-05-2025

ई- निविदा सूचना

जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों एवं लो0नि0वि0/सिंचाई विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि शासन से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में पंचम राज्य वित्त आयोग एवं 15 वां वित्त आयोग टाईड योजनान्तर्गत आवंटित/प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत बजट के अन्तर्गत जिला पंचायत मुजफ्फरनगर द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के टेण्डर ई-टैण्डरिंग व्यवस्था के अनुसार निविदायें 26.05.2025 को अपराह्न 03 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 27.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से तकनीकी बिड एवं परीक्षणोपरान्त वित्तीय बिड खोली जायेगी। प्रत्येक टेण्डर पर प्रथक-प्रथक 2 प्रतिशत धनराशि एवं टेण्डर मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से जिला निधि के खाता संख्या-306302010042595 यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड UBIN0530638 में जमा करना होगा। ठेकेदारी की शर्ते एवं निर्माण कार्यो का विवरण एवं निविदा नोटिस http//etender.up.nic.in एवं नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। ठेकेदारों को श्रम विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा, जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत अधिनियम 1961 यथासंशोधित (1994) निर्माण नियमावली की समस्त शर्ते मान्य होंगी। ई- टेण्डरिंग प्रणाली, जी0एस0टी0 के सम्बन्ध में शासन/प्रशासन से अन्य कोई निर्देश प्राप्त होते हैं, तो वे ठेकेदार को मान्य होंगे।

अभियन्ता
जिला पंचायत,
मुजफ्फरनगर

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,
मुजफ्फरनगर

शास्त्रीय संगीत को फिल्मी धुनों में ढालने वाले जादूगर थे नौशाद

- फिल्मी गीतों को कम कीमत में जन-जन तक पहुंचाया गुलशन कुमार ने - छोटे बड़े पर्दे पर अभिनय का कमाल कर रहे हैं अभिषेक बनर्जी

गीत संगीत और फिल्मों में दिलचस्पी रखने वालों ने कल 5 मई को नौशाद अली व गुलशन कुमार को याद किया और अभिनेता अभिषेक बनर्जी का जन्म दिन मनाया। कल संगीत सम्राट नौशाद अली की पुण्यतिथि थी और टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की जयंती थी। कल ही अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने अपना जन्मदिन मनाया। नौशाद अली हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार थे।पहली फिल्म में संगीत देने के 64 साल बाद तक अपने संगीत का जादू बिखेरते रहने के बावजूद नौशाद ने केवल 67 फिल्मों ही में संगीत दिया, लेकिन उनका कौशल इस बात की जीती जागती मिसाल है कि खूबी, खूबी होती है और तादाद, तादाद होती है अर्थात गुणवत्ता संख्याबल से कहीं आगे होती है। नौशाद अली का जन्म 25 दिसम्बर 1919 को लखनऊ में मुंशी वाहिद अली के घर में हुआ था। वह 17 साल की उम्र ही में अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई आ गए थे। नौशाद अली को 1940 में 'प्रेम नगर' में संगीत देने का अवसर मिला, लेकिन उन्हें पहचान मिली 1944 में प्रदर्शित हुई 'रतन' से और यहीं से शुरू हुआ कामयाबी का ऐसा सफर जो कम ही लोगों के हिस्से में आता है। उन्होंने छोटे पर्दे के लिए 'द सोर्ड ऑफ टीपू सुल्तान' और 'अकबर द ग्रेट' जैसे धारावाहिकों में भी संगीत दिया। नौशाद अली ने मुम्बई में मिली बेपनाह कामयाबियों के बावजूद लखनऊ से अपना रिश्ता कायम रखा। नौशाद उम्दा शायर भी थे, उनकी शायरी की किताब 'आठवां सुर' नाम से प्रकाशित हुई। अंदाज, आन, मदर इंडिया, अनमोल घड़ी, बैजू बावरा, अमर, स्टेशन मास्टर, शारदा, कोहिनूर, उड़न खटोला, दीवाना, दिल्लगी, दर्द, दास्तान, शबाब, बाबुल, मुगल-ए-आजम, दुलारी, शाहजहां, लीडर, संघर्ष, मेरे महबूब, साज और आवाज, दिल दिया दर्द लिया, राम और श्याम, गंगा जमुना, आदमी, गंवार, साथी, तांगेवाला, पालकी, आईना, धर्म कांटा, पाकीजा, सन ऑफ इंडिया, लव एंड गाड सहित अन्य कई फिल्मों में उन्होंने अपने संगीत से लोगों को झूमने पर विवश किया। 'बैजू बावरा' की सफलता से नौशाद को सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। संगीत में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 1982 में दादा साहब फालके अवॉर्ड, 1984 में 'लता अलंकरण' तथा 1992 में पद्म भूषण से उन्हें नवाजा गया। नौशाद अली के संगीत में जो जादू है, वो शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ का है। मोहम्मद रफी ने उनकी कई धुनों पर आवाज दी जैसे मन तड़पत हरि दर्शन को आज, ओ दुनिया के रखवाले आदि। पांच मई 2006 को नौशाद अली इस नश्वर दुनिया को अलविदा कह गए।

कल 5 मई को टी-सीरीज के संस्थापक गुलशन कुमार की जयंती भी मनायी गयी। गुलशन कुमार का जन्म 5 मई 1951 को दिल्ली में हुआ था।

गुलशन कुमार ने म्यूजिक इंडस्ट्री में बड़ा मुकाम हासिल किया। 1980 और 90 के दशक में गुलशन कुमार का खूब नाम हुआ। उनके द्वारा स्थापित टी-सीरीज आज देश की बड़ी म्यूजिक कंपनी है। गुलशन कुमार ने अपने करियर की शुरूआत ऑडियो कैसेट बचने के काम से की थी। बाद में उन्होंने ऑडियो कैसेट बनाना शुरू कर दिया। ऑडियो कैसेट उस समय बेहद महंगी मिला करती थी, लेकिन गुलशन कुमार ने ऑडियो कैसेट की पहुंच आम लोगों तक बना दी, वह सस्ती ऑडियो कैसेट बनाने के लिए पहचाने जाने लगे। वह खुद भी भजन गाया करते थे, इतना ही नहीं उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में कई लोगों को मौका दिया। जैसे ही टी-सीरीज का नाम बड़ा होने लगा, अंडरवर्ल्ड की नजर गुलशन कुमार पर पड़ी। अंडरवर्ल्ड ने गुलशन कुमार को फोन करके 10 करोड़ की फिरौती मांगी थी, लेकिन गुलशन कुमार ने फिरौती में मांगी गई रकम देने से साफ इन्कार कर दिया था। लगातार उन्हें फोन करके धमकी मिलती रही और वह भी अपनी बात पर अटल रहे। गुलशन कुमार ने कह दिया था कि फिरौती नहीं दूंगा बल्कि उस पैसों का वैष्णो देवी में भंडारा कर दूंगा। 12 अगस्त 1997 को गुलशन कुमार की हत्या हो गयी। कल 5 मई को उनके चाहने वालों ने उनकी जयंती पर उन्हें याद किया। टी-सीरीज का नाम आज के समय में पूरी दुनिया में फैला हुआ है। इस कंपनी के तहत भारत की हर भाषा में बनने वाले गानों की रिकॉर्डिंग्स की जाती है। गुलशन कुमार ने दिल्ली में सुपर कैसेट्स इंडस्ट्री बनाई। बाद में ये कंपनी नोएडा शिफ्ट हुई और टी-सीरीज नाम दिया गया। इसके बाद गुलशन कुमार मुंबई गए और यहां भी अपना ऑफिस शुरू किया। 1985 से 1988 तक गुलशन कुमार ने सोनू निगम, कुमार सानू, अलका यागनिक, अनुराधा पौडवाल और उदित नारायण जैसे सिंगर्स को पहला मौका दिया। बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म 1989 में लाल दुपट्टा मलमल का थी। इसके बाद 1990 में बड़ी हिट आशिकी थी, जिसे नदीम-श्रवण के संगीत के लिए याद किया जाता है। उनकी अन्य फिल्मों में बहार आने तक, दिल है के मानता नहीं, आई मिलन की रात, मीरा का मोहन, जीना मरना तेरे संग और बेवफा सनम शामिल हैं। इस समय गुलशन कुमार द्वारा स्थापित कम्पनी का भारतीय संगीत बाजार के 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर नियंत्रण बताया जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, टी-सीरीज का कारोबार छह महाद्वीपों के 24 देशों में होता है। गुलशन कुमार के बच्चे भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। बेटे भारत भूषण फिल्म निर्माता हैं। उनकी बेटी तुलसी कुमार गायिका हैं। गुलशन कुमार की छोटी बेटी खुशाली कुमार अपने बिंदास अंदाज को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। उनकी एक्टिंग से ज्यादा चर्चा स्टाइल और ड्रेसिंग सेंस की होती है।

अभिषेक बनर्जी

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

शत्रु को लाभ पहुंचाने वाली भाषा

पहलगाम हमले के बाद ही से हमारे यहां के कुछ नेता और कुछ विद्वान समझे जाने वाले लोग, शत्रु को लाभ पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। ऐसी भाषा का इस्तेमाल पाकिस्तान में यहां के नेताओं के हवाले से खूब हो रहा है। वे अपने खौफ को कम करने के लिए और अपनी जहालत भरी दलीलों को, यहां के लोगों की जहालत भरी बातों से मजबूत बना कर पेश कर रहे हैं। पानी रोकने पर, यहां विद्वान समझे जाने वाले एक व्यक्ति ने पाकिस्तान से मोहब्बत वाला बयान दे दिया, उस व्यक्ति की यहां घोर निन्दा हो रही है, यहां तक कि उस व्यक्ति को विद्वान मानने वाले भी उसके बयान से सहमत नहीं हैं, कुछ ने तो उस व्यक्ति को पाकिस्तान जाने तक की सलाह भी दे दी। पाकिस्तान में उस व्यक्ति की तारीफ हो रही है। शत्रु को लाभ पहुंचाने वाली भाषा बोली जाएगी, तो शत्रु खुश होगा ही। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शत्रु को लाभ पहुंचाने वाली भाषा की भाजपा की ओर से भी निन्दा की जा रही है। विपक्षी दलों के बयानों पर बीजेपी के राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मामले में भारत से कहीं ज्यादा मजबूत है कि वहां कोई भी विपक्षी नेता सेना का मनोबल गिराने वाला बयान नहीं दे रहा, जबकि भारत में ऐसे बयानों की झड़ी लगी हुई है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन फिफ्थ कलमिस्ट की तरह व्यवहार कर रहा है। वहां के विपक्षी नेताओं के बयान भारतीय टीवी चैनल्स पर नहीं चल रहे हैं। दूसरी तरफ हमारे इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं के बयान वहां की मीडिया में चलाए जा रहे हैं। सिद्धारमैया से लेकर चरणजीत सिंह चन्नी के बयान पाकिस्तानी मीडिया में खूब चल रहे हैं। वहां के राजनीतिक विश्लेषक टीवी में बैठकर भारत के राजनीतिक दलों का नाम लेकर, नेताओं का नाम लेकर, यह शब्द प्रयोग कर रहे हैं कि सब लोग हिंदुस्तान में मोदी के साथ नहीं हैं। राजनीतिक दलों का नाम लेकर वे लोग कह रहे हैं कि हिंदुस्तान के ये लोग हमारे साथ हैं। सुधांशु त्रिवेदी,यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के बयान को लेकर भी हमलावर नजर आए। अजय राय ने एक विमान के खिलौने को राफेल बताते हुए उस पर नींबू-मिर्च लटका कर सरकार पर तंज कसा था। उन्होंने कहा कि ये सरकार बड़ी-बड़ी बातें करती है। सरकार कहती है कि आतंकवादियों को कुचल देगी। राफेल लाए हैं, लेकिन वे हैंगर में खड़े हैं, उनमें नींबू-मिर्ची लटकी है और नींबू मिर्ची देश के रक्षा मंत्री जी बांधे हैं। आखिर कब कार्रवाई होगी आतंकवादियों, उनके समर्थकों और सरपरस्तों के खिलाफ? जब अजय राय को लोग भला बुरा कहने लगे तो बाद में अपने बयान पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि राफेल कोई खिलौना नहीं है। मैं असली राफेल यहां नहीं ला सकता और न ही उसके पास जा सकता हूं। राफेल बहुत मजबूत है और देश की जनता को इस पर भरोसा है। मैंने तो सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से यह बात सामने रखने की कोशिश की है कि राफेल का इस्तेमाल कब होगा? सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, सीमा के उस पार से पाकिस्तानी सेना गोलाबारी कर रही है, तो सीमा के अंदर से कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता सेना का मनोबल तोड़ने के लिए बयान दे रहे हैं। सीमा के अंदर से कांग्रेस के नेता भारत की सेना को टारगेट कर गोलीबारी कर रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा,नवाज शरीफ ने मनमोहन सिंह को देहाती औरत कहा था, तब नरेन्द्र मोदी जो गुजरात के सीएम थे और उन्होंने कहा था कि कौन भारत के पीएम का मजाक उड़ा सकता है। सेना के जहाज को लेकर किया गया व्यंग एक तरह से भीतरघात है। इमरान खान और फवाद चौधरी ने बालाकोट और सर्जिकल स्ट्राइक की बात मानी थी। इमरान खान ने प्रधानमंत्री होते हुए कहा था कि 73 साल में इतनी मजबूत सरकार भारत में नहीं आई। त्रिवेदी ने कहा, पहलगाम घटना का अभूतपूर्व जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे विमान खिलौने की तरह है? कांग्रेस ने सेना को खिलौने की तरह रखा था? भारत में शत्रु को लाभ पहुंचाने वाली भाषा भले ही चन्द लोग बोल रहे हों, लेकिन विश्व समुदाय आतंकवाद के विरोध के मामले में भारत के साथ है। कल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को फोन करके पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए संवेदना जाहिर की। इसके साथ ही आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमले में शामिल और उनके पीछे को लोगों को कटघरे में लाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और भारत के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूरा समर्थन देने की बात कही। पाकिस्तान का मीडिया इस समय भारत के नेताओं के बयानों पर ही टिका हुआ है। अपने मतलब की अहमकाना बयान बाजी को वे जल्दी लपकते हैं, दूसरी तरफ यह भी सच है कि वहाँ, हमारे प्रधानमन्त्री, गृह मन्त्री और रक्षा मन्त्री के बयानों से खौफ का माहौल है। दिल्ली में सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव के कार्यक्रम में रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने न ही पहलगाम हमले और न ही पाकिस्तान का ज़िक्र किया, लेकिन इशारों-इशारों में कई बातें कह दीं। रक्षा मंत्री ने कार्यक्रम में लोगों के सामने कहा कि एक राष्ट्र के रूप में भारत के भौतिक स्वरूप की सुरक्षा हमारे वीर सैनिकों ने हमेशा की है। वहीं भारत के आध्यात्मिक स्वरूप की सुरक्षा हमारे ऋषियों और मनीषियों ने की है, जहां एक तरफ हमारे सैनिक रणभूमि में लड़ते हैं, वहीं दूसरी तरफ हमारे संत जीवन भूमि में लड़ते हैं। साथियो, एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं और मेरा यह दायित्व है कि देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं। इतना कहने के बाद उनके बयान पर काफी तालियां बजीं और नारे लगे, जिसके बाद राजनाथ सिंह ने कहा, आप सभी हमारे प्रधानमन्त्री को अच्छी तरह जानते हैं। उनकी कार्यशैली से भी अच्छी तरह परिचित हैं, उनकी दृढ़ता से भी अच्छी तरह परिचित हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्रधानमन्त्री मोदी जी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। इस बयान से पाकिस्तान में खलबली और बढ़ गयी।

चार तीर

सुनील उत्सव

'गड्ढे 'सड़क' 'व्यवस्था' 'हालत'

जहाँ थे गड्ढे पुराने यारो, वहाँ के गड्ढे बड़े हुए हैं,
जहाँ जरूरत नहीं थी कोई वहाँ की फिर से सड़क बनी है।
ये क्या व्यवस्था है कैसी हालत, किसे बताएं, किसे दिखाएं,
जहाँ जरूरत नहीं थी कोई वहाँ की फिर से सड़क बनी है।

सड़कों पर उतरे एबीवीपी के कार्यकर्ता, किया विरोध-प्रदर्शन

- पाकिस्तान का पुतला फूंका, नावल्टी चौक पर लगाए पाक मुर्दाबाद के नारे - दोषियों के खिलाफ अब तक कार्रवाई न होने पर नाराजगी

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम की वीभत्स घटना के करीब 15 दिनों बाद भी इस निर्मम हत्याकांड के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग थमने का नाम नहीं ले रही है। देश भर में उठे विरोध के स्वर एवं हत्याकांड के खिलाफ पनपे आक्रोश के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन के साथ पुतला दहन किए जाने का क्रम जारी है। इस निर्मम हत्याकांड के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर सड़कों पर उतरकर इस बीच कड़ा प्रदर्शन किया। साथ ही पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार की ओर से कोई भी ठोस कार्रवाई न करने पर युवाओं ने आक्रोश प्रकट किया। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विभाग संगठन मंत्री ओजेश गौड़ के नेतृत्व में नगर के नावल्टी चौक पर पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़कों पर आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए केन्द्र सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का नेतृत्व कर रहे ने विभाग संगठन मंत्री ओजेश गौड़ ने कहा कि इस देश का सनातनी युवा अपने देश के लिए मर मिटने को तैयार है। उन्होंने कैराना की सांसद इकरा हसन के सनातनी युवाओं को आतंकी कहे जाने के बयान की कड़े शब्दों में घोर निंदा करते हुए शासन-प्रशासन से मांग की कि ऐसे

जिम्मेदार पदों पर आसीन सांसद-विधायकों पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाए। इस दौरान जिला संयोजक आकाश बालियान ने कहा कि इस देश का युवा केन्द्र सरकार की ओर से अभी तक कार्रवाई न होने के कारण भी आक्रोशित है और हम सरकार से बदले की मांग करते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से नगर मंत्री वैभव चौधरी, जयदीप गौड़, पवन सिवाच, सोनिया, नितिन, विकास, कार्तिक, रोहन, देवेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राकेश त्यागी बने अब उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष पद पर व्यापारियों के दुःख दर्द में हर वक्त सहयोगी एवं साथ खड़े रहने वाले राकेश त्यागी की ताजपोशी कर दी गई है। उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं यूपी सरकार में मंत्री रहे नरेश अग्रवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष एवं योगी सरकार में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला की ओर से जारी मनोनयन पत्र में मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष बनाए राकेश त्यागी से आशा व्यक्त की गई है कि वे व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन को मजबूत करने में हमारा सहयोग करेंगे। लंबे समय से बतौर कार्यकारी जिलाध्यक्ष के रूप में संगठन को अपनी सेवाएं देते रहे राकेश त्यागी इससे पूर्व नगर अध्यक्ष के रूप में व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और व्यापार हित की हर लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। व्यापारियों ने उन्हें मिली नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए व्यपारियों के लिए आगे भी प्रयासरत रहने की आशा व्यक्त की है।

ट्रम्प ने विदेशी फिल्मों पर शत प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की

लॉस एंजिल्स, 05 मई (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विदेशी फिल्मों को अमेरिकी फिल्म उद्योग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। श्री ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में तर्क दिया कि बाहर के देश हॉलीवुड प्रोडक्शन्स को अमेरिका से दूर करने के लिए आकर्षक प्रोत्साहन दे रहे हैं। उनका मानना ??है कि इससे उद्योग को नुकसान पहुंच रहा है और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा है। वैरायटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने आयातित फिल्मों को 'प्रचार' का साधन बताया। श्री ट्रंप ने लिखा, ''अमेरिका में फिल्म उद्योग बहुत तेजी से खत्म हो रहा है। अन्य देश हमारे फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रोत्साहन दे रहे हैं।

संयुक्त हिन्दू मोर्चा के नेताओं ने किया विचार मंथन

- माननीयों की उक्त अशोभनीय टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, डॉ. योगेंद्र शर्मा एवं मनोहर सिंह ने सोमवार को महावीर चौक स्थित कार्यालय पर अध्यक्ष सुभाष चौहान एवं संगठन मंत्री सचिन त्यागी से मुलाकात करते हुए बीते दिनों नगर में घटित घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की। इस बीच हिन्दू नेताओं ने बीते दिनों नगरीय क्षेत्र में जीआईसी मैदान में संपन्न हुई किसान मजदूर सम्मान रैली में मंच से सांसद-विधायकों द्वारा हिंदू संगठनों को आतंकवादी कहे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए माननीयों पर कार्यवाही किए जाने के लिए राष्ट्रपति से मांग की कि इस घटनाक्रम की समीक्षा होनी चाहिए और यदि माननीय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते हैं तो इनके विरुद्ध सख्त से सख्त संसदीय प्रणाली के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ तमाम हिन्दू नेताओं ने सनातनी हिंदुओं को इस बारे में विचार विमर्श किए जाने की जरुरत पर जोर दिया कि किस तरह आतंकवादी कहने वाले ऐसे माननीयों को इस बार चुनाव में आइना दिखाना है। साथ ही सभी सनातनी हिंदुओं से आग्रह किया कि आप सभी को देश में फैले आतंकवाद और इस आतंकवाद को पनाह देने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए संविधान के दायरे में रहते हुए कार्रवाई के लिए अपनी आवाज उठानी पड़ेगी।

जनपद के 56 गांवों में किया मृदा परीक्षण, होगी मिट्टी की जांच

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत नेशनल प्रोजेक्ट ऑन सॉइल हैल्थ एंड फर्टिलिटी कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों में मृदा के नमूने जब्त किए। कृषि विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में जनपद के 56 गांव में करीब 3.354 मृदा के नमूने लिए गए है। जनपद के विभिन्न गांवों से एकत्र किए गए इन नमूनों को जांच के लिए सुजडू चुंगी स्थित लैब में भेजा गया है। उप निदेश कृषि संतोष कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को मृदा के नमूने लेने के लिए जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जागरुकता के साथ किसानों को पहले सूचित किया गया था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत इस बीच नेशनल प्रोजेक्ट ऑन सॉइल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी कार्यक्रम वर्ष 2025-26 के तहत खरीफ 2025 सीजन में मुजफ्फरनगर जिले में करीब 180 ग्राम पंचायतों को मृदा नमूनों का एकत्रीकरण करने के लिए चिन्हित किया गया है। इसके सापेक्ष सोमवार को जिले में 56 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत करीब 3,354 मृदा के नमूने लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनकी जांच पूरी होने पर किसानों को जून माह तक मृदा कार्ड दिया जाएगा, जिसमें जांच संबंधित जानकारी भी दर्ज होगी। अभियान में किसानों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहारनपुर मंडल स्तर के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अशर्फी मार्किट से चला नल उखाड़ा, जलापूर्ति बंद

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। नगरपालिका द्वारा एक ओर शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाओं के साथ काम किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर अंसारी रोड़ की एक मार्किट के दुकानदारों को पीने का पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। करीब आठ-दस माह पूर्व इस मार्किट में पेयजलापूर्ति के एकमात्र साधन के रूप में लगे हैंडपम्प को उखाड़ दिया गया, इसके बाद आज तक पालिका ने कोई सुध नहीं ली। व्यापारियों ने पालिका प्रशासन की अनदेखी के खिलाफ टाउनहाल पहुंचकर प्रदर्शन किया और इस समस्या के निदान की मांग की। अंसारी रोड पर स्थित अशर्फी मार्किट में करीब 35-40 दुकानों में लोग अपना कारोबार करते हैं, जहां करीब बीस साल पूर्व पालिका ने पेयजलापूर्ति के लिए एक हैण्डपम्प लगवाया था। तब से मार्किट के दुकानदार इसकी देखरेख करते हुए इसको उपयोग करते हुए पानी की अपनी जरूरत को पूरा करते हैं। इसके अलावा मार्किट में पेयजलापूर्ति के लिए कोई दूसरा साधन नहीं है, लेकिन पालिका प्रशासन ने यह साधन भी छीन लिया। उक्त समस्या के निदान की मांग को लेकर सोमवार को अशर्फी मार्किट के दुकानदार राकेश, हबीब, उपेंद्र सिंह, संजय धीमान, नदीम अहमद व तंजीम मिर्जा ने पालिका ईओ के समक्ष अपनी समस्या को लेकर पहुंचे और वहां कार्यालय बंद मिलने पर उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कड़ी नाराजगी प्रकट की। राकेश कुमार ने बताया कि पालिका जलकल विभाग जेई धर्मवीर, सभासदपति व अन्य लोगों द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान मार्किट से हैण्डपम्प उखाड़ा था, जिसे आज तक ठीक नहीं किया। इस मार्किट में पेयजलापूर्ति का एकमात्र साधन समाप्त हो जाने से पीने के पानी को भी तरसना पड़ रहा है। ईओ को भी करीब एक माह पूर्व प्रार्थना पत्र

दिया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। भीषण गर्मी में पानी का प्रबंध नहीं हो पाने से परेशानी हो रही है।

डिस्ट्रिक्ट बार अधिवक्ताओं ने जिला जज को दी विदाई

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार द्वितीय का हापुड़ जनपद में स्थानांतरण होने पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह एवं महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल द्वारा जनपद न्यायधीश का माल्यार्पण कर उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सोमवार को कचहरी प्रांगण स्थित डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैन्थम हॉल में विदाई समारोह में जनपद न्यायाधीश का स्वागत डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह व महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने माल्यार्पण करते हुए किया। इस दौरान महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने कहा कि जिला न्यायाधीश का कार्यकाल सराहनीय रहा।

उन्होंने जिला जज द्वारा अधिवक्ता हितों में किए कार्यों की सराहना की। जिला बार अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह ने जनपद न्यायाधीश के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा बार और बैंच का ख्याल रखा। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल जिन्दल ने कहा कि कोर्ट का अनुशासन और कोर्ट कैंपस का एडमिनिस्ट्रेशन काफी अच्छा रहा है, जिसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। बार संघ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में जिला जनपद न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार द्वितीय ने कहा कि अगर अधिवक्ता मजबूत होंगे, तो न्यायपालिका मजबूत होगी। इस दौरान विदाई समारोह में पहुंचे अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, पूर्व महासचिव सुरेन्द्र मलिक, जितेन्द्र कुमार, प्रदीप मलिक, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील कुमार मित्तल, महासचिव राजेन्द्र सिंह रावत, सुरेन्द्र शर्मा, ठा. देवेन्द्र सिंह, ठा. दुष्यन्त सिंह, नरेश चन्द्र त्यागी, प्रेमदत्त त्यागी, एमके राठौर, उदयवीर पौरिया व समस्त कार्यकारिणी के सदस्य व सैकडों अधिवक्ता मौजूद रहे।

बोर्ड की स्वीकृति न होने से नई कंपनी को नहीं मिला काम

- घर-घर कूड़ा कलेक्शन को दिल्ली की कंपनी को मिला ठेका

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। नगरीय क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा उठाने के लिए नगर पालिका का इस बार नई दिल्ली की जेएस एनवायरों कम्पनी के साथ अनुबंध हुआ है, लेकिन यह कम्पनी अभी बोर्ड की स्वीकृति मिलने पर काम शुरू करेगी। इस बार यह कम्पनी नगर पालिका के साथ करीब तीन साल तक काम करेगी। इसके लिए नगर पालिका इस कम्पनी पर तीन साल में करीब 50 करोड़ की धनराशि खर्च करेंगी। नगरीय क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन करने की दिशा में चेयरपर्सन द्वारा बीते दिनों शुरू कवायद के बीच नई दिल्ली की कम्पनी द्वारा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा उठाने के लिए नगर पालिका के साथ अनुबंध किया था, अनुबंध कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो गया है, लेकिन जब तक दूसरी कम्पनी को बोर्ड की स्वीकृति नहीं मिल जाती तब तक एमआईटूसी कम्पनी से काम लिया जा रहा है। हालांकि कंपनी तमाम दावों के बावजूद कार्य को अंजाम देने में सफल नहीं हो सकी, लेकिन न चाहते हुए नगर पालिका को अभी उसी कंपनी से काम चलाना होगा। हालांकि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन और डलावघरों से कूड़ा उठाने के लिए दिल्ली की जेएम एनवायरों कम्पनी का टेंडर हो चुका है, लेकिन फिर भी इस कम्पनी से काम शुरू नहीं कराया गया है। ईओ प्रज्ञा सिंह ने का कहना है कि बोर्ड की स्वीकृति मिलने के बाद जेएम एनवायरों कम्पनी से नगरीय क्षेत्र में काम शुरू कराया जाएगा।

पाक रेंजर के बाद अब बीएसफ ने पाकिस्तानी नागरिक को किया गिरफ्तार, घुसपैठ की कर रहा था कोशिश



गुरदासपुर, 05 मई (एजेंसी)। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच बीएसएफ ने पंजाब के गुरदासपुर में एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पाकिस्तानी युवक गुजरांवाला का रहने वाला है। उसके पास से कुछ रुपए और एक आईडी कार्ड मिला है। फिलहाल बीएसएफ और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। यह घटना 3 मई 2025 देर रात की है। राजस्थान में इससे पहले भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने शनिवार (03 मई, 2025) को एक पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया था। उसी दिन देर रात को बीएसएफ ने पंजाब के गुरदासपुर में पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बॉर्डर वाले इलाकों में सुरक्षा का सख्त पहरा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार (4 मई 2025) को तीन अलग-अलग घटनाओं में पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से एक ड्रोन, पिस्तौल का एक ढांचा और हेरोइन से भरा एक पैकेट जब्त किया। पहली घटना में लक्खा सिंह वाला गांव में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तैनात बीएसएफकर्मियों ने एक खेत से पिस्टल फ्रेम और दो मैगजीन जब्त की।

REQUIRED

Girls / Boys
Computer Operator, with good knowledge of Internet in a Reputated Firm.
M.9837284220
8899972229

पहलगाम हमले की जांच में बड़ी सफलता, आतंकियों के ठिकाने तक पहुंची एनआईए, मिली माथा घुमाने वाली चीज

जम्मू कश्मीर, 05 अप्रैल (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी सफलता मिली है, आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ हुआ है। इस तरह केंद्र शासित प्रदेश में एक आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने पुंछ पुलिस के हवाले से बताया कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार शाम को एक संयुक्त तलाशी अभियान में जिले के सुरनकोट सेक्टर के हरि मारोटे गांव के जंगली इलाके में एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। सूत्रों से पता चला है कि घटनास्थल से पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), दो रेडियो सेट, संचार उपकरण, तीन कंबल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। उन्हें जब्त कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बरामद आईईडी को टिफिन बॉक्स और स्टील की बाल्टियों में छिपाकर रखा गया था। सीनियर अधिकारियों की टीम ने बताया कि घाटी में बड़े पैमाने पर आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले आश्रयों को ध्वस्त किया है और पूछताछ के लिए सैकड़ों आतंकवादी सहयोगियों को हिरासत में लिया है। इस बीच, पाकिस्तान ने कल रात लगातार 11वें दिन भी पुंछ और अन्य सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर अपनी बिना उकसावे की गोलीबारी जारी रखी।

चीन ने दिया पाकिस्तान को मदद का भरोसा, भारत के 2 'दुश्मन' फिर आए साथ!

इस्लामाबाद, 05 मई (एजेंसी)। चीन ने एक बार फिर पाकिस्तान को मदद का भरोसा दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत के एक्शन से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और कई देशों से मध्यस्थता की गुहार लगा चुका है। ऐसे में एक बार फिर पाकिस्तान को चीन का साथ मिला है। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर इस्लामाबाद और दिल्ली के बीच तनाव के बीच सोमवार को चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और कहा कि चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान का हमेशा समर्थन करेगा। सरकारी रेडियो पाकिस्तान' की रिपोर्ट के मुताबिक, जैदोंग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान एवं भारत के बीच तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बैठक के दौरान राष्ट्रपति जरदारी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा हाल में उठाए गए कदमों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की कार्रवाई क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा है। यह ताजा कदम भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपायों की घोषणा के लगभग दो सप्ताह बाद उठाया गया है, जिसमें आतंकवादी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकमात्र भूमि सीमा क्रॉसिंग का संचालन बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। रेडियो पाकिस्तान' की रिपोर्ट के अनुसार, 'चीनी राजदूत ने चीन और पाकिस्तान के बीच स्थायी और समय की कसौटी पर खरी उतरी मित्रता की पुष्टि की और इस रिश्ते को बहुत मजबूत बताया, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है।' उन्होंने पाकिस्तान का दृष्टिकोण साझा करने के लिए राष्ट्रपति जरदारी को धन्यवाद दिया और इस बात पर जोर दिया कि 'दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने की दोनों देशों की साझा इच्छा को पूरा करने के लिए चीन हमेशा पाकिस्तान का समर्थन करेगा।' चीनी राजदूत ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की, जिन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच कराने के उनके प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए चीन को धन्यवाद दिया।

सजौली मस्जिद ध्वतिकरण आदेश पर बोले मौलाना अरशद मदनी ऐसा कानून बना दिया है कि एक क्या हजारो मस्जिदें गिरेंगी

सहारनपुर, 05 मई (एजेंसी)। शिमला नगर निगम आयुक्त की अदालत ने शनिवार (03 मई, 2025) को फैसला सुनाया कि संजौली मस्जिद की सभी पांच मंजिलें अनधिकृत थीं और पूरे ढांचे को गिराने का आदेश दिया। मामले पर मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि अब तो ऐसा कानून बना दिया कि एक क्या हजारों मस्जिदें गिरेंगी। उन्होंने कहा कि एक मस्जिद, ऐसी पचासों मस्जिद गिरेंगी, ऐसी हजारों मस्जिद गिरेंगी। अगर किसी ने घर या मस्जिद बनाई और पाकिस्तान चला गया, तो वह गिरेगी, लेकिन तब जब उसने वक्फ नहीं किया। आप एक मस्जिद को रो रहे हैं। ऐसी हजारों होंगी। ऐसा कानून बनाया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि तलाक के कानून के खिलाफ आपने फैसला कर लिया, हम क्या करेंगे। वह कहते थे कि राम जन्मभूमि है, हम कहते थे राम जन्म भूमि नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा वह राम जन्मभूमि नहीं है मस्जिद अपनी जगह बनी है। हमारी इतनी मस्जिदें बनी हैं, क्या सरकार बनाती है मस्जिदों को? हमारे अंदर ताकत होगी, तो हम खुद खरीदेंगे और खुद बना लेंगे मस्जि

केसी वेणुगोपाल पीएसी का अध्यक्ष नियुक्त

नयी दिल्ली 05 मई (वार्ता) वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल को लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पीएसी का गठन गत 01 मई से प्रभावशील हुआ है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक श्री वेणुगोपाल अप्रैल-2026 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। पीएसी सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित संसदीय समिति है, जिसका पुनर्गठन हर साल किया जाता है ताकि सरकारी व्यय के लिए संसद द्वारा अनुमोदित निधियों के विनियोजन का विवरण देने वाले खातों और स्वायत्त और अर्ध-स्वायत्त निकायों के खातों के रूप में संसद के समक्ष रखे गए ऐसे अन्य खातों की जांच की जा सके।

बरेली में ईयर फोन लगाये दो बच्चे ट्रेन से कटे

बरेली 5 मई (वार्ता) बरेली जिले में इज्जत नगर रेलवे स्टेशन के पास सोमवार सुबह मोबाइल फोन की ईयर लीड लगाये दो बच्चे रेल के इंजन की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठे। थाना प्रभारी इज्जत नगर विजेंद्र सिह ने बताया कि आज सुबह गली नंबर 8 इज्जत नगर निवासी 14 वर्षीय आदित्य (14) और पंकज (11) बाल काटने को घर से निकले थे। आदित्य के कान में मोबाइल की लीड लगी हुई थी। गाना सुनते हुए और पंकज मोबाइल चलाते हुए रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इस बीच काठगोदाम की ओर से खाली इंजन इज्जत नगर स्टेशन की ओर आ गया, रेलवे ट्रैक पास खड़े लोगों ने दोनों बच्चों को बहुत आवाज लगाई लेकिन उन्होंने नहीं सुनी। इंजन चला रहे पायलट ने भी बहुत हार्ड बजाय लेकिन दोनों मोबाइल में इतने मशगूल थे कि वह ट्रैक से नहीं हटे और दोनों इंजन से कट गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

संस्कृत संवर्धन में उत्तर प्रदेश बना अग्रणी राज्य

लखनऊ, 05 मई (वार्ता) संस्कृत संवर्धन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अग्रणी राज्य बन कर उभरा है। देव भाषा के प्रचार-प्रसार और पुनरुत्थान के क्षेत्र में सरकार की नीतिगत प्रतिबद्धता और सक्रिय पहल के फलस्वरूप आज उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान को राष्ट्रीय मंच पर विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर में संस्कृतभारती, दिल्ली एवं केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 1008 सामूहिक संस्कृत संभाषण शिविरों के समापन समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार ने संस्कृत के प्रचार, संरक्षण एवं व्यवहारिक विस्तार को लेकर बीते वर्षों में संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति, संवादात्मक प्रशिक्षण शिविर, पाठ्यक्रमों का आधुनिकीकरण तथा संस्कृत के लिए विशेष बजट प्रावधान जैसी योजनाये क्रियान्वित कीं हैं, उन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ।

पाक सेना ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की

जम्मू, 05 मई (वार्ता) पाकिस्तानी सेना ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के

गोलीबारी कर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि चार से पांच मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने नियंत्रण रेखा के पार कुपवाड़ा, कश्मीर के बारामुल्ला जिलों और जम्मू संभाग के पुंछ, राजौरी, मेंढर (पुंछ), नौशेरा (राजौरी), सुंदरबनी (राजौरी) और अखनूर (जम्मू) इलाकों में बिना उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ गया है।

मुख्य न्यायाधीश खन्ना को सौंपी गई विवादों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ जांच रिपोर्ट

नयी दिल्ली, 05 मई (वार्ता) न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए गठित न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है। उच्चतम न्यायालय की ओर से सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, समिति ने चार मई को अपनी रिपोर्ट दी। समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया था। रिपोर्ट की विषय-वस्तु और निष्कर्ष अभी तक उजागर नहीं किए गए हैं। इस समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनु शिवरामन शामिल हैं।

आचार संहित उल्लंघन तथा अलनूर फैक्ट्री में तोड़फोड़ मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)। आचार संहिता उल्लघंन के दो मामलों में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों की सुनवाई एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में होनी थी। वर्ष 2022 में बुढ़ाना सीट से विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक उमेश मलिक व विधायक राजपाल बालियान के खिलाफ अलग-अलग आचार संहिता उल्लंघन के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी, जिसमें उमेश मलिक समेत चार अन्य लोगों को भी नामजद किया था। दोनों मामलों की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया सोमवार को दोनों मामलों में सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों में सुनवाई हेतु अब 13 मई की तिथि नियत की गयी है। वहीं सिखेड़ा थाना क्षेत्र में स्थित अलनूर फैक्ट्री पर तोड़फोड़ व सड़क जाम करने के मामले में भी सुनवाई चल रही है। सड़क पर जाम लगाने के मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम की कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। इस मामले में सुनवाई अब 12 मई को होगी।

'पाकिस्तान साइबर फोर्स ' का सैन्य प्रतिष्ठानों का डेटा हैक करने का दावा,भारत ने बढाई साइबर सुरक्षा

नयी दिल्ली 05 मई (वार्ता) पाकिस्तान समर्थित एक सोशल मीडिया अकाउंट ' पाकिस्तान साइबर फोर्स' के भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस से संवेदनशील डेटा की हैकिंग के दावे के बाद भारतीय सैन्य साइबर सुरक्षा तंत्र सुरक्षा ढांचे और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने के साथ साथ साइबर घुसपैठ के प्रयासों से सुरक्षा के लिए उचित और आवशयक उपाय कर रहा है।

सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि ट्विटर अकाउंट 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' समूह ने दावा किया है कि उसने कथित तौर पर भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पारिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस से संवेदनशील डेटा तक पहुंच प्राप्त कर ली है। इस दावे के अनुसार साइबर हमलावरों ने लॉगिन क्रेडेंशियल सहित रक्षा कर्मियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी भी संभवत हासिल की है। यह भी दावा किया गया है कि समूह ने रक्षा मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट से भी छेड़छाड़ की और उसे विरूपित करने का प्रयास किया। वेबसाइट पर पाकिस्तान के झंडे और अल खालिद टैंक का उपयोग करके उसे खराब करने की बात कही गयी है। एहतियाती उपाय के रूप में आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइट को पूरी तरह से और जानबूझकर ऑडिट के लिए ऑफ़लाइन कर दिया गया है, ताकि खराब करने के प्रयास से होने वाले किसी भी संभावित नुकसान की सीमा का आकलन किया जा सके और वेबसाइट की अखंडता सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एजेंसियां ?? किसी भी अतिरिक्त साइबर हमले का पता लगाने के लिए साइबरस्पेस की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही हैं। पाकिस्तान से जुड़े खतरनाक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस निरंतर निगरानी का उद्देश्य साइबर हमलावरों द्वारा भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी जोखिम जल्दी से पता लगाकर उसे कम करना है। सूत्रों ने कहा है कि इस स्थिति में सुरक्षा ढांचे और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने तथा साइबर घुसपैठ के प्रयासों से सुरक्षा के लिए उचित और आवशयक उपाय किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य सेनाओं को भविष्य के साइबर खतरों से बचाने के लिए तैयार करना है।

कानपुर में भीषण अग्निकांड: धुएं से सांस लेना हुआ मुश्किल, पांच की मौत

कानपुर, 05 मई (एजेंसी)। कानपुर के चमनगंज थाना इलाके में घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में रविवार रात 9:30 बजे छह मंजिला इमारत के भूतल में जूते बनाने वाले कारखाने में आग लग गई। ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। सुबह तक आग पर काबू पाया गया। घटना में पांच लोगों की जान चली गई। रात करीब तीन बजे दमकलकर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उनके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। रविवार को कारखाना बंद था। रात करीब 9:30 बजे कारखाने में आग लग गई। आग को बढ़ता देख इमारत में रह रहे परिवार के लोग जान बचाकर भागे। सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा दमकल की कई गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। दो सौ मीटर के दायरे को सील कर देर रात तक आग बुझाने के साथ ही बचाव अभियान शुरू किया गया। एहतियातन आसपास की इमारतों को खाली कराया गया। सूचना पर एडीएम राजेश सिंह के अलावा एक दर्जन से ज्यादा थाने का फोर्स मौके पर पहुंच गया। एसडीआरएफ को भी मौके पर बुला लिया गया था। इमारत में आग लगने से दरारें भी पड़ गई हैं। इमारत में आग लगने से उठे धुएं से लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। आग की चपेट में आए चमड़े के जूते और उन्हें चिपकाने में इस्तेमाल होने वाला केमिकल भी जल गया। इससे उठने वाला धुआं दमघोंटू हो गया। आसपास की इमारत के लोगों के घरों में चल रहे पंखों और कूलर ने बाहर के धुएं को खींच कर घर में भर दिया। इससे सबसे

ज्यादा तकलीफ उन बुजुर्गों को हुई जो दमे के शिकार या श्वांस रोग से पीड़ित थे। कई लोग ऐसे भी दिखे, जिन्हें धुएं के कारण उल्टियां तक हुई। लोगों ने खुद को बचाने के लिए गीला कपड़ा मुंह पर लपेटा, तब जाकर उन्हें राहत मिली। छह मंजिला भवन में लगी आग को काबू करने के लिए दमकल कर्मियों ने दोनों तरफ की दीवारों को हथौड़ों से तोड़ा। इसके बाद धुआं कम हुआ तो पानी की तेज बौछार के साथ कमरों में दाखिल हुए। हालांकि धुआं ज्यादा होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे इलाके की बिजली को काट दी गई है। सुबह आग बुझाने का काम पूरा हो पाया।

लिव इन पार्टनर का गला काटने वाले के घर पर चला बुलडोजर

नैनीताल, 05 मई (वार्ता) उत्तराखंड की ऊधम सिह नगर पुलिस ने लव जेहाद के आरोपी और अपने लिव इन पार्टनर पूजा का गला काट कर शव को नहर में फेंकने वाले हत्यारे मुश्ताक अहमद के अवैध रूप से बने मकान को सोमवार को ढहा दिया है। प्रशासन ने इस कार्रवाई से अपराधियों को सख्त संदेश दिया है। दरअसल गुड़गांव में काम करने वाली पूजा विश्वास मूल निवासी बंगाली कालोनी, नानकमत्ता, ऊधम सिह नगर को पहले पहल मुश्ताक अहमद पुत्र अली अहमद निवासी गौरी खेड़ा सितारगंज, ऊधम सिह नगर ने हिदू नाम से अपने प्रेम जाल में फंसाया। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों लिव इन में रहने लगे। इसी बीच मुश्ताक अपने घर गौरी खेड़ा, सितारगंज आ गया। यहां उसने दूसरी शादी कर ली। पूजा नवम्बर में उसकी खोज में गुड़गांव से सितारगंज पहुंच गयी। उसने मुश्ताक की दूसरी शादी का विरोध किया तो मुश्ताक पूजा को इस्लाम नगर, खटीमा में रहने वाली अपनी बहन के घर ले गया। आरोपी ने 16 नवम्बर, 2024 को पूजा का गला काट कर सर और धड़ को खटीमा के नदन्ना नहर में फेंक दिया। पूजा जब गुड़गांव नहीं लौटी तो उसकी बहन ने गुड़गांव पुलिस में 19 दिसंबर को उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी। पिछले सप्ताह गुड़गांव पुलिस पूजा की खोज में सितारगंज आ पहुंची। उसने मुश्ताक को हिरासत में ले लिया। सख्ती से पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया और पुलिस ने उसकी निशानदेही पर नहर से मृतका का धड़ बरामद कर लिया। मृतका का सिर अभी भी गायब है। गुड़गांव पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गयी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। इसी बीच ऊधम सिह नगर प्रशासन को थारू गौरी खेड़ा निवासी नारायण सिह ने शिकायत दी कि मुश्ताक के पिता अली अहमद ने उसकी जमीन पर कब्जा कर मकान बना दिया है। प्रशासन की ओर से शिकायत की जांच करायी गयी। जांच में पाया गया कि भूमि अनुसूचित जनजाति समुदाय के मथुरा प्रसाद की है और मकान अवैध ढंग से बनया गया है। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से आरोपी को भूमि को खाली करने के लिये नोटिस जारी किया गया। आरोप है कि आज पुलिस और प्रशासन की टीम ने बुलडोजर कार्रवाई करते हुए अवैध मकान को ढहा दिया। ऊधम सिह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने इस घटना की पुष्टि की।

उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में लगी भीषण आग

उज्जैन, 05 अप्रैल (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल मंदिर परिसर में आज दोपहर आग लगने से हड़कंप मच गया। मंदिर के गेट नंबर एक के पास स्थित फैसिलिटी सेंटर के ऊपर बने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कंट्रोल रूम में अचानक आग लग गई थी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। कंट्रोल रूम से अचानक आग की लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते धुआं फैल गया। धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग पर काबू पाने से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी मिलने पर उज्जैन कलेक्टर और एसपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे और स्थिति का जायजा लिया। एहतियात के तौर पर, प्रशासन ने मंदिर के गेट नंबर एक को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही प्रभावित न हो और सुरक्षा बनी रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस आगजनी की घटना में फिलहाल किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और विस्तृत जांच के बाद ही आग के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। गौरतलब है कि बाबा महाकाल मंदिर में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, ऐसे में इस तरह की घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था।

गाय के गोबर से बने पेंट से रंगी जाएँगी यूपी की इमारतें: योगी का आदेश, भड़के अखिलेश यादव

लखनऊ, 05 अप्रैल (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पशुपालन और डेयरी विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में गौसेवा, डेयरी उद्योग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। उन्होंने सरकारी इमारतों पर गोबर आधारित प्राकृतिक पेंट के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही और डेयरी क्षेत्र को तकनीक तथा नवाचार से सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के गौ संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस योजनाएँ तैयार करने का निर्देश दिया। हालाँकि, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव इससे भड़क गए और उन्होंने तंज कसते हुए इसे गोबरनामा बताया और भाजपा का का नया कारनामा करार दिया, जबकि यादव समाज पशुपालक रहा है। इससे पहले अखिलेश यादव ने गोबर से दुर्गन्ध आने की बात कही थी। उन्होंने मंडल स्तर पर स्वदेशी गायों की नस्लों के लिए प्रतियोगिताएँ आयोजित करने और उत्कृष्ट गौ आश्रय स्थलों को सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही गाय आधारित उत्पादों का निर्माण करने वाले संगठनों के लिए नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का सुझाव भी दिया। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि अब तक 40,968.29 हेक्टेयर चरागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है, जिसमें से 12,168.78 हेक्टेयर भूमि को हरे चारे के उत्पादन के लिए समर्पित

किया गया है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, जिनमें महिला स्वयं सहायता समूहों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब तक 21,884 गौसेवकों को प्रशिक्षण देकर तैनात किया गया है। बरेली में आईएफएफसीओ, आवंला के सहयोग से जैविक खाद और गोमूत्र प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना प्रगति पर है। राज्यभर के 7,693 गौ आश्रय स्थलों में लगभग 11.49 लाख गायों को आश्रय प्रदान किया गया है, जिनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरों और नियमित निरीक्षणों के माध्यम से की जा रही है। मुख्यमंत्री ने आश्रयों में पशु चिकित्सा सुविधाएँ नियमित रूप से उपलब्ध कराने, भूसा बैंक की स्थापना, और चारा, चोकर व पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चिनाब नदी में सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के खोज रहे लोग, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दी चेतावनी

जम्मू कश्मीर, 05 मई (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को लोगों को जम्मू के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी को पैदल पार न करने की चेतावनी दी। यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की गई है, जब नदी में पानी का बहाव सबसे कम हो गया है और सैकड़ों ग्रामीण नदी में जमा हो गए हैं एवं उनमें से कुछ लोग सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के खोजते नजर आए। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर में गिरावट का कारण रामबन और रियासी जिलों में बगलिहार एवं सलाल बांधों से नदी में जलप्रवाह पर रोक लगाया जाना है। केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा की थी। यह संधि 1960 से भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु और उसकी सहायक नदियों के पानी के उपयोग को नियंत्रित करती रही है। 65 साल पहले हुए सिंधु जल समझौते की अहमियत इससे समझी जा सकती है कि 1965, 1971 और 1999 के युद्ध के दौरान भी भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को पानी देता रहा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने इस समझौते को सस्पेंड कर दिया। सोमवार को हालत यह थी कि गर्मियों के सीजन में अमूमन चिनाब नदी में 35-40 फुट पानी बहता था, वहां अब तलटही नजर आ रही है। जलप्रवाह कम होने पर कई स्थानों पर सैकड़ों लोग पैदल चिनाब नदी पार करते हुए वीडियो बनाने के लिए उमड़ पड़े। नदी में कई उत्सुक स्थानीय लोगों ने टखने तक गहरे पानी में सोने-चांदी के आभूषण और सिक्के भी तलाशने शुरू कर दिए। खतरे को भांपते हुए, अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस दल लोगों को निकालने के लिए आगे आए, क्योंकि दोपहर बाद जल स्तर फिर बढ़ने लगा। पुलिसकर्मियों को लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को पैदल नदी पार न करने की चेतावनी देते हुए देखा गया। एक पुलिस अधिकारी ने लोगों से बाहर निकलने का अनुरोध करते

हुए कहा, जलग्रहण क्षेत्र में बारिश हुई है और अचानक जल-स्तर बढ़ने की आशंका है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने कभी भी जल प्रवाह में इस स्तर तक गिरावट नहीं देखी। स्थानीय निवासी अंकुर शर्मा ने कहा कि संधि के निलंबन से सरकार को पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए बाढ़ और सूखे जैसे चक्र को शुरू करने का मौका मिल गया। उन्हें पता होना चाहिए कि वे हर बार निर्दोष लोगों की हत्या करके बचकर नहीं भाग सकते।

एआरपी पद के लिए संपन्न हुई लिखित परीक्षा, 66 में से 16 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 05 मई (बु.)। जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान सरकुलर रोड में एआरपी पद पर चयन हेतु ओएमआर शीट के माध्यम से अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्थान में पहुंचे अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। शासन के निर्देशानुसार डीएम उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरकुलर रोड पर पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे के मध्य एआरपी पद पर चयन प्रक्रिया के तहत (क्रमशः हिंदी, गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विषय एवं विज्ञान विषय) के लिए ओएमआर

शीट के माध्यम से एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की देखरेख में शुचितापूर्ण व पारदर्शिता के साथ लिखित परीक्षा संपन्न की गई। इस लिखित परीक्षा में कुल 66 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा इस दौरान प्रतिभाग किया गया। किन्हीं कारणों से उक्त परीक्षा से 16 पंजीकृत प्रतिभागी शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित रहे। संस्थान में दोनों एग्जामिनेशन हॉल की वीडियोग्राफी भी कराई गई। निर्विघ्न लिखित परीक्षा संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रतिभाग कराया गया।

अमेठी में दलित युवक का शव पेड़ से लटका मिला

अमेठी,5 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दलित युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक के गले में मिली चप्पलों की माला ने घटना को और भी उलझा दिया है। परिजनो ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मझगांव देव नगर चौराहा के पास जंगल में सोमवार को पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ पाया गया। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जागेशर गंज निवासी गया प्रसाद पासी (25) के रूप में हुई है। युवक के चाचा सिया राम ने बताया कि उनका भतीजा रविवार की शाम घर से निकला था।अगले दिन सोमवार की सुबह जंगल पर उसका शव मिला।

गडकरी ने तेलंगाना में 3,900 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

हैदराबाद, 05 मई (वार्ता) केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने तेलंगाना में सोमवार को 3,900 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और

शिलान्यास किया। श्री गडकरी ने कोमाराम भीम जिले के सिरपुर कागजनगर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए आदिलाबाद जिले के अद्वितीय ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को स्वीकार किया तथा कहा कि इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से भूमि और आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आदिलाबाद सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है तथा यहां रोजगार के अवसरों की सख्त आवशयकता है। राष्ट्र के विकास में अवसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री गडकरी ने कहा, ''अच्छी सड़कों वाला देश एक विकसित देश होता है। कृषि, रोजगार, परिवहन और अवसंरचना राष्ट्रीय प्रगति के स्तंभ हैं।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंतर-राज्यीय संपर्क बढ़ाने के लिए प्रमुख अवसंरचना परियोजनाएं चला रही है। इसमें चुनौतीपूर्ण इलाकों में पुलों और भूमिगत सुरंगों का निर्माण शामिल है। केंद्रीय मंत्री ने तेलंगाना और महाराष्ट्र के बीच सड़क संपर्क में सुधार लाने तथा भद्राद्री, बसारा और मेदाराम जैसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक स्थलों को राजमार्गों के माध्यम से जोड़ने के लिए कई आगामी परियोजनाओं की घोषणा की।

कोतवाली पुलिस ने दो चोर दबोचे, मोबाइल बरामद

मुजफ्फरनगर, 5 मई (बु.)। चोरी के मामले में फरार चल रहे दो चोरों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और दोनों का चालान कर दिया। रोहाना क्षेत्र में दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोर जगतार सिंह उर्फ जग्गी निवासी गांव जयपुरा, थाना दोराहा, जनपद लुधियाना, पंजाब हाल निवासी गांव शेरपुर, शहर कोतवाली व समीर निवासी एकता विहार गांव शेरपुर को शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पास से चोरी के मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक को भी बरामद किया है। पुलिस ने दोनों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया।

हम भारत का साथ देंगे इस्लामिक उपदेशक का फूटा गुस्सा, सेना को बताया अत्याचारी

खैबर पख्तूनख्वा, 05 मई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बीच पाकिस्तान के भीतर से ही बगावत के सुर सुनाई देने लगे हैं। खासकर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित इस्लामिक उपदेशकों और आम नागरिकों के बीच असंतोष गहराता जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक स्थानीय इस्लामी उपदेशक ने खुले मंच से पाकिस्तानी सेना के खिलाफ तीखा भाषण देते हुए कहा कि अगर भारत पाकिस्तान पर हमला करता है, तो पश्तून भारतीय सेना का साथ देंगे। वीडियो में उपदेशक ने पाकिस्तानी

सेना पर गंभीर आरोप लगाए और कहा की पाकिस्तानी सेना ने वर्षों से हमारे साथ अत्याचार किए हैं। आप सोचते हैं हम उनके लिए जिंदाबाद कहेंगे? कभी नहीं। अब अगर जंग होती है, तो हम भारत का समर्थन करेंगे। उपदेशक ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना ने पश्तून इलाकों में मानवाधिकारों का निरंतर उल्लंघन किया है, जिससे लोगों का भरोसा सैन्य संस्थानों से उठ गया है। यह बयान ऐसे समय पर आया है जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी और भारत ने इसके पीछे पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों का हाथ बताया है। भारतीय सेना ने भी कई रणनीतिक मोर्चों पर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं।

एनआईए ने आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े गिरोह के हमले के मामले में 10 जगहों पर तलाशी ली

नयी दिल्ली 05 मई (वार्ता) राष्ट्रीय जांच एजेन्सी ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े गिरोह के सदस्यों द्वारा 2024 में राजस्थान के नीमराणा होटल में गोलीबारी की जांच के सिलसिले में शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 जगहों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। एजेन्सी के अनुसार पिछले वर्ष 8 सितंबर को लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से किये गये इस हमले में दो हमलावरों ने होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां चलाई थी। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई जिनका डल्ला के आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था। उन्होंने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया था। मैनेजर को पहले भी अंतरराष्ट्रीय नंबरों से कई धमकी भरे कॉल आ चुके थे। एनआईए ने उसी वर्ष दिसंबर में इस हमले की जांच अपने हाथ में ले ली थी और हिसक आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लगे आरोपियों तथा संदिग्धों के परिसरों में की गई तलाशी के दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की थी।

हिस्ट्रीशीटर तमंचे के सा